# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ई–मेल : E-mail :
jiwajidcdc@gmail.com

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2026/ 1094 दिनांक : 17-01-2026

प्रति,

**सूचना–पत्र**

सचिव/प्राचार्य
समस्त नर्सिंग महाविद्यालय
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

**विषयः–सत्र 2025–26 में नर्सिंग पाठ्यक्रमों के महाविद्यालयों की सम्बद्धता, निरीक्षण शुल्क एवं निरीक्षण आवेदन जमा करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रं. 1007/71/सीसी/2024/38 दिनांक 24.10.2025 के द्वारा सत्र 2025–26 से सम्बद्धतादायी विश्वविद्यालय द्वारा नर्सिंग पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु महाविद्यालयों को सम्बद्धता प्रदान करने की कार्यवाही हेतु प्राप्त आदेश के परिपालन में एवं कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा म0प्र0 शासन भोपाल के पत्र क्र.51/17/आउशि /सम्बद्धता/2026 दिनांक 16.01.2026 के तारतम्य में आयुक्त उच्च शिक्षा कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नर्सिंग महाविद्यालयों को जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से सम्बद्धता प्राप्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। स्थायी समिति की बैठक दिनांक 18.12.2025 के पद क.(अ–अ–2) एवं कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 20.12.2025 के पद क. 15 के निर्णयानुसार नर्सिंग महाविद्यालयों को सत्र 2025–26 की सम्बद्धता प्रक्रिया में सम्मलित होने हेतु समस्त नर्सिंग महाविद्यालयों के लिये एम0पी0ऑनलाइन से आवेदन करने हेतु पोर्टल की लिंक दिनांक 19.01.2026 से प्रारंभ होगी।

अतः उक्त के संबध में समस्त नर्सिंग महाविद्यालयों के सचिव/प्राचार्य को सूचित किया जाता है कि, सत्र 2025–26 की सम्बद्धता हेतु **सम्बद्धता एवं निरीक्षण शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.01.2026** तक एम0पी0ऑनलाइन के माध्यम से जमा कर सम्बद्धता आवेदन समस्त संलग्न दस्तावेजों की सत्यापित प्रति के साथ हार्ड कॉपी के रूप में अनिवार्य रूप से दिनांक 30.01.2026 तक विश्वविद्यालय में जमा कराये जाना सुनिश्चित करें।

सम्बद्धता हेतु निरीक्षण आवेदन जमा न करने की स्थिति में नर्सिंग महाविद्यालय का सत्र 2025–26 में निरीक्षण कराया जाना संभव नहीं होगा एवं महाविद्यालयों को सत्र 2025–26 की सम्बद्धता प्रदान नहीं किये जाने की स्थिति में नर्सिंग महाविद्यालय प्रबंधन स्वयं जिम्मेदार होगें।

**नोटः–एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से निरीक्षण आवेदन भरने सम्बधित जानकारी हेतु प्रभारी, एम.पी.ऑनलाईन, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से सम्पर्क किया जाना सुनिश्चित करें।**
**(माननीय कुलगुरू महोदय द्वारा अनुमोदित)**

आदेशानुसार
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. निज सहायक, अवर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. निज सहायक, प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन, चिकित्सा शिक्षा, मंत्रालय, भोपाल।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन भोपाल।
4. उप–सचिव, म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, मंत्रालय, भोपाल।
5. रजिस्ट्रार,म0प्र0नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल, गोमंतिका परिसर, तृतीय तल, जवाहर चौक, भोपाल।
6. संचालक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल, चिकित्सा शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
7. कुलसचिव, मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान, विश्वविद्यालय, जबलपुर।
8. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर–चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा कम्पू, लश्कर ग्वालियर।
9. परीक्षा नियंत्रक जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
10. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
11. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
12. प्रभारी, आई. टी. सेल. जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु।

निदेशक,
महाविद्यालयीन विकास परिषद्